तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 31 मई 2026

10 लिहागांव लैंपस में खाद चोरी का खुलासा तीन गिरफ्तार ....



11 सीएम हेल्पलाइन से जन शिकायतों का जवाबदेही के साथ होगा ....





## खबर संक्षेप



### कर्मचारी संघ के प्रबंध निदेशक ने ली बैठक

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ पावर कंपनी कार्यालयीन कर्मचारी संघ बस्तर क्षेत्र के तत्वाधान में डिस्ट्रीब्यूशन पावर कंपनी के प्रबंध निदेशक के साथ सौहार्दपूर्ण एवं औपचारिक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान संघ के प्रतिनिधिमंडल द्वारा कर्मचारियों की लंबित समस्याओं एवं पदोन्नति संबंधी विषयों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा संघ की ओर से ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। बैठक में संघ द्वारा विशेष रूप से जगदलपुर (बस्तर) क्षेत्र के कार्यालय सहायकों की अनुभाग अधिकारी पद पर पदोन्नति, क्षेत्रीय चयन समिति की अनुशंसा पर शीघ्र स्वीकृति, जोन विभाजन एवं वरिष्ठता केंद्रीकरण के कारण उत्पन्न समस्याओं तथा क्षेत्र के विभिन्न कार्यालयों में रिक्त अनुभाग अधिकारी पदों पर नियुक्ति संबंधी मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। बैठक में संघ के अध्यक्ष गगनराज हिरवानी, महामंत्री धर्मेंद्र कुमार देवांगन, कोषाध्यक्ष योगेन्द्र कश्यप, प्रचार मंत्री गुलाब सिंह देवांगन, सदस्य पवन साहू, संतोष दास, हरिशंकर पद्माकर, महेश राम साहू सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

### बालेंगा में सीएसपी की रेड में 3 जुआरी गिरफ्तार



**जगदलपुर।** बस्तर थाना क्षेत्र में लबें समय से खुड़खुड़ी नाम का जुआ खिलाए जाने की लगातार मिल रही शिकायत के बाद सीएसपी सुमीत कुमार ने सायबर टीम के साथ रेड कार्रवाई करते हुए हजारों रूपए नगद के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक बस्तर थाना क्षेत्र के ग्राम बालेंगा स्थित साप्ताहिक मुर्गा बाजार स्थल में अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा रुपए पैसों का दांव लगाकर खुड़खुड़ी नाम जुआ खेलने की लगातार सूचना मिल रही थी। जिसके बाद एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी सुमित कुमार धोत्रे के नेतृत्व में थाना बस्तर एवं सायबर क्राईम टीम जगदलपुर के साथ टीम बनाकर ग्राम बालेंगा साप्ताहिक मुर्गा बाजार स्थल पहुंचकर घेराबंदी किया गया। पुलिस पार्टी को देखकर जुआ खेल रहे कुछ व्यक्ति भाग गये टीम द्वारा मौके से तीन लोगों को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम डमरू सेठिया 38 वर्ष निवासी भोण्ड बड़ेपारा थाना बस्तर, महेन्द्र बघेल उर्फ बिल्लू 35 वर्ष निवासी बस्तर भाटीपारा तथा खीरकुमार नाग 32 वर्ष निवासी एराकोट नयापारा थाना परपा का रहने वाला बताया। तीनों शेष पेज 10 पर

# सरेंडर नक्सलियों को पिता बनने का फिर मिलेगा सौभाग्य, नसबंदी खोलने शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

समाज की मुख्यधारा में शामिल हो चुके बस्तर के पुनर्वासित युवाओं के सामाजिक पुनर्स्थापन और बेहतर भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए महारानी अस्पताल में जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के सहयोग से शनिवार को विशेष आपरेशन शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में यूरोलॉजिकल सोसायटी वेस्टर्न जोन तथा एम्स रायपुर के यूरोलॉजिस्ट दल ने विशेष चेरिटेबल कैंप के तहत इच्छुक पुनर्वासित युवाओं का नसबंदी खोलने (रिकैनालाइजेशन) संबंधी स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार की प्रक्रिया शुरू की । इस तरह नक्सली रहते हुए नसबंदी कराने वाले युवाओं को अब बाप बनने का मौका मिल पाएगा। रिकैनालाइजेशन शिविर में 28 युवा पुनर्वासितों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विस्तृत जांच के बाद नसबंदी खोलने के आपरेशन की प्रक्रिया संपादित की जाएगी। इस पहल से लाभान्वित होने वाले युवा पुनर्वासित अपने पारिवारिक और सामाजिक जीवन में पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित कर सकेंगे तथा समाज की मुख्यधारा में सम्मानजनक जीवन व्यतीत करने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे।

## महारानी अस्पताल के शिविर में विशेषज्ञों की मिली सेवाएं

### संवेदनशीलता के साथ सहभागिता

ऑपरेशन शिविर में स्वास्थ्य विभाग, जिला अस्पताल के चिकित्सकों एवं अन्य चिकित्सा कर्मचारियों ने सक्रियता और संवेदनशीलता के साथ सहभागिता निभाई। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक, सिविल सर्जन डॉ संजय प्रसाद सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सक व पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित थे।



### अफसरों ने किया उत्साहवर्धन

इस अवसर पर इन पुनर्वासित युवाओं का उत्साहवर्धन करने के लिए कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने उक्त युवाओं से संवाद कर उन्हें सकारात्मक जीवन की ओर अग्रसर रहने तथा शासन की पुनर्वास योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर अधिकारियों ने वेस्टर्न जोन यूरोलॉजिकल सोसाइटी तथा एम्स रायपुर के विशेषज्ञों को स्मृति चिह्न प्रदान कर उन्हें बस्तर में पुनः सेवायें देने उत्साहित किया।

विकास : स्लोप कटिंग और लूज बोल्डर चेक डेम जैसी बनाई जा रही संरचनाएं

# पहाड़ियों पर पानी का बहाव रोकने और सोखने, ढलानों में बनाई जा रही खाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर जिले की पहाड़ियों और वनों में 'कैच द रैन' जल संरक्षण अभियान के तहत वन विभाग बारिश का पानी सहेजने और भू-जल स्तर को सुधारने के लिए कई ठोस कदम उठा रहा है।

■ वन विभाग कर रहा बस्तर की पहाड़ियों में जल संरक्षण

पहाड़ियों पर पानी के बहाव को रोकने और उसे सोखने के लिए ढलानों पर समोच्च खाइयां बनाई जा रही हैं। इससे बहता हुआ पानी पहाड़ों पर ही रुक जाता है और भूमिगत जल का स्तर बढ़ता है। पहाड़ी नालों और झरनों पर छोटे चेक डैम बनाए जा रहे हैं, ताकि बारिश का पानी अधिक समय तक रुक सके और आसपास की मिट्टी में नमी बनी रहे। पहाड़ी क्षेत्रों और जंगलों में सघन पौधारोपण किया जा रहा है। पौधों की जड़ें बारिश के पानी को जमीन के अंदर तक ले जाने में प्राकृतिक 'स्पंज' का काम करती हैं। स्थानीय भू-भाग की आवश्यकता के अनुसार स्लोप कटिंग और लूज बोल्डर चेक डैम जैसी संरचनाएं बनाई जा रही हैं। गर्मी के शेष पेज 10 पर

अलग खबर



### कैच द रैन से हरी-भरी होंगी पहाड़ियां

बताया जा रहा है कि बस्तर जिले के तुलसी डोंगरी, कोंदलूर, तिरिया, बीजाडोंगरी, करका, अमलीधार एवं महिमा सहित 7 गांव के जंगल की पहाड़ियों में जल संरक्षण किया जा रहा है। कैच द रेन अभियान के तहत हरी-भरी होंगी पहाड़ियां में वन विभाग ने शुरू किया वृहद बीज बुवाई और सीड बॉल छिड़काव अभियान कर रहे।

### जल का बनेगा विशाल नेटवर्क

वन विभाग के एसडीओ योगेश कुमार रात्रे ने इस साल जल संरक्षण के लिए 3 लाख 10 हजार से अधिक संरचनाएं बनाने का लक्ष्य तय किया है। इसके तहत पहाड़ी ढलानों पर 1.80 लाख एससीटी (स्टैगर्ड कंटूर ट्रेंच) बनाई जा रही हैं। इन खाइयों का काम बारिश के पानी की रफ्तार को रोककर उसे जमीन के भीतर पहुंचाना है। इसके अलावा जंगलों के छोटे नालों में 1.30 लाख एलबीसीडी (लूज बोल्डर चेक डैम) तैयार किए जा रहे हैं। पत्थरों से बने ये छोटे बांध मिट्टी के कटाव को रोकेंगे और जंगलों में लंबे समय तक नमी बनाएं रखेंगे।

### भविष्य को सुरक्षित करने की पहल

बस्तर जिले के वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने कहा कि यह अभियान सिर्फ निर्माण कार्य नहीं बल्कि बस्तर के भविष्य को सुरक्षित करने की पहल है। मृदा एवं जल संरक्षण के साथ साथ वानिकी प्रजाति के बीजों से पुर्णउत्पादन (रिजनरेशन) को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

# हजारों की अवैध शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

जगदलपुर से भानपुरी शराब लेकर जा रहे आरोपी के कब्जे से हजारों रूपए की शराब व दुपहिया वाहन जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई। शराब तस्करी की सूचना पर कार्रवाई करने एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन, एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश व एसडीओपी भानपुरी प्रवीण भारती के पर्यवेक्षण में टीआई भानपुरी हर्ष कुमार धुरन्धर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया। टीम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति दुपहिया वाहन क्रमांक सीजी 17 केएक्स 1688 में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बिक्री करने बड़े आमाबाल की ओर आ रहा है। सूचना पर भानपुरी से चित्रकोट रोड जाने वाली मुख्य मार्ग बेडागुड़ा चौक में पहुंचकर बड़े आमाबाल की ओर से आ रही वाहन चालक को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम संजय कुमार गुप्ता उर्फ मोनू गुप्ता 35 वर्ष निवासी भानपुरी बाजारपारा का बताया। वाहन की तलाशी के दौरान अंग्रेजी शराब किंगफिशर बीयर 40 बाटल 26 लीटर व अंग्रेजी शराब रायल स्टैग 7 बाटल 2.625 लीटर व रायल चैलेंज 10 बाटल 1.800 लीटर कुल 30.425 बल्क लीटर शराब जब्त किया गया। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 12 हजार 940 के अलावा दुपहिया वाहन कीमत 40 हजार जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट शेष पेज 10 पर

■ 12 हजार की 30 .425 बल्क लीटर शराब व स्कूटी जब्त

# वार्षिक मेला पंरपरा ही नहीं बल्कि समृद्ध विरासत : देव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव दरभा मंडल के ग्राम छिंदबहार में वार्षिक मेला में शामिल होकर माता हिंगलाजिंन व सोनादई की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना की । ग्रामवासियों ने बस्तर के परंपरा अनुसार विधायक का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते उन्होंने कहा कि बस्तर में आयोजित वार्षिक मेला एवं मंडई का विशेष महत्व होता है। बस्तर की कला, संस्कृति, लोक आस्था, लोक नृत्य, प्रकृति एवं रहन सहन, वेशभूषा, पंरपरा से जुड़ी जीवन शैली के कारण विशेष पहचान रखती है। यहां की संस्कृति केवल पंरपरा नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध विरासत, सामाजिक एकता और लोकजीवन की आत्मा है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष देवीप्रसाद बेंजाम, हरिप्रसाद कश्यप, सरपंच सुंदर कश्यप, गागराराम , धरमू मंडावी, धमेंद्र ठाकुर, मुन्नू सिंह एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, पुजारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।



### भाजपा-कांग्रेस ने इंदिरा वार्ड में झोंकी ताकत

**जगदलपुर।** शहर के इंदिरा वार्ड में हो रहे उपचुनाव के लिए मात्र कल का एक दिन बचा है। रविवार को जनसम्पर्क के बाद सोमवार को मतदान होगा। शनिवार को भाजपा और कांग्रेस के कई नेता और कार्यकर्ता वार्ड में रैली निकालकर पूरी ताकत झोंकी। घर घर पहुंचकर लोगों से पार्टी प्रत्याशी के लिए वोट मांगते गुजारिश करते रहे। दोनों ही दल वार्ड की समस्याओं को दूर करने का वादा करते रहे। कांग्रेस प्रत्याशी रामकृष्ण तिवारी और भाजपा के मनोहर तिवारी के बीच सीधा मुकाबला है। दोनों दल के प्रत्याशी के ब्राम्हण होने के कारण मुस्लिम और मारवाड़ी वोट पर दोनों दल की निगाहे है। बहरहाल कल रविवार को अंतिम प्रचार के बाद कौन बनेगा इंदिरा वार्ड का पार्षद सोमवार को होने वाले मतदान के दिन मुहर लग जाएगी। इसलिए अंतिम दौर के प्रचार में दोनों दल के लोग प्रचार में कोई कमी नहीं कर रहे है।

# सूखी पत्तियों व कंकड़ों की मदद से बच्चों ने सीखी गिनती, पर्यावरण संरक्षण की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

आंगनबाड़ी केंद्र में शुक्रवार का दिन आम दिनों से अलग, रचनात्मक और ऊर्जा से भरपूर रहा। छोटे बच्चों के साथ मिलकर स्वयंसेवी संगठन तितली संस्था की टीम ने अनूठी और व्यावहारिक गतिविधियां कीं, जिसने न केवल बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी, बल्कि उनके मानसिक विकास और पर्यावरण सुरक्षा की एक मजबूत नींव रख दी। इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खेल-खेल में शिक्षा और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देना था, ताकि बच्चे किताबी ज्ञान के बोझ से दूर रहकर कुछ नया और स्थायी सीख सकें। इसी सोच के साथ कार्यक्रम की शुरूआत में बच्चों को 'कागज से कलाकारी' की विधा सिखाई गई। बच्चों ने रंग-बिरंगे कागजों को मोड़कर खूबसूरत खिलौने बनाना सीखा। इस गतिविधि ने जहां एक ओर बच्चों की मोटर स्किल्स और उनकी रचनात्मकता को नए पंख दिए, वहीं अपने हाथों से खिलौने बनते देख बच्चों का उत्साह और खुशी सातवें आसमान पर नजर आई। कागज की इस कलाकारी के बाद बच्चों को गणित की एक बेहद अनोखी और व्यावहारिक दुनिया से रूबरू कराया गया। पारंपरिक और उबाऊ रटने की प्रणाली को पीछे छोड़ते हुए बच्चों ने अपने आस-पास के वातावरण में मौजूद प्राकृतिक चीजों जैसे सूखी पत्तियों और छोटे-छोटे कंकड़ों की मदद से गिनती सीखी। खेल-खेल में सीखी गई इस गिनती का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह व्यावहारिक तरीका बच्चों के दिमाग में संख्याओं की समझ को हमेशा के लिए आसान और स्थायी बना देता है। शिक्षा और रचनात्मकता के इस सफर को प्रकृति से जोड़ते हुए इस खास दिन पर फ्राइडे प्लांटेशन अभियान चलाया गया। इसके तहत संस्था के सदस्यों ने बच्चों को बेहद सरल और रोचक भाषा में पेड़-पौधों तथा पर्यावरण का महत्व समझाया। इसके बाद बच्चों ने खुद अपने नन्हे हाथों से पौधरोपण किया और चाव से उन पौधों की देखभाल करने का संकल्प भी लिया।



### बच्चे बचपन से ही प्रकृति से जुड़ेंगे

तितली संस्था के प्रतिनिधि ने कहा कि आंगनबाड़ी के बच्चों का मानसिक विकास खेल और व्यावहारिक अनुभवों से सबसे तेज होता है। जब बच्चे बचपन से ही प्रकृति से जुड़ेंगे, तभी वे आगे चलकर पर्यावरण के सजग रक्षक बनेंगे। आज बच्चों के चेहरों की खिलखिलाती मुस्कान ही इस पूरी मुहिम की बड़ी सफलता है।

## 7 जिले की समीक्षा बैठक में महादेव कावरे ने लक्ष्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

# खाद-बीज एवं ऋण वितरण की स्थिति कम पाए जाने पर नाराज हुए आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर संभाग के सात जिलों में सहकारिता विभाग के कार्यों की समीक्षा के लिए कोण्डागांव सर्किट हाउस में उच्चस्तरीय बैठक हुई। अध्यक्षता सहकारिता आयुक्त एवं पंजीयक सहकारी समितियां महादेव कावरे ने की। समीक्षा के दौरान किसानों को खाद-बीज वितरण एवं ऋण वितरण की स्थिति अपेक्षाकृत कम पाए जाने पर आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को समय-सीमा में लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में धान उपार्जन केन्द्रों में शेष धान के अंतिम निराकरण को लेकर भी चर्चा हुई। आयुक्त ने सभी जिलों के डीएमओ को उपार्जित धान के उठाव की प्रगति नियमित रूप से टीएल बैठक में कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ताकि धान परिवहन और भंडारण व्यवस्था में तेजी लाई जा सके। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी गोदाम निर्माण योजना की समीक्षा करते हुए बताया कि बस्तर संभाग के लिए 15 नए गोदाम स्वीकृत किए गए हैं। आयुक्त ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा से समन्वय कर निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। साथ ही वर्ष 2022-23 में स्वीकृत कोण्डागांव जिले की समिति छिनारी के निमार्णाधीन गोदाम को जल्द पूरा करने पर भी जोर दिया।

बैठक में सहकार से समृद्धि योजना अंतर्गत पैक्स कम्प्यूटरीकरण कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की गई। आयुक्त ने माईक्रो एटीएम का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक ट्रांजेक्शन सुनिश्चित करने, एटीएम कार्ड वितरण में तेजी लाने तथा सीएससी लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से संचालित जनहित योजनाओं को समिति स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने समितियों के सभी सदस्यों एवं धान विक्रय करने वाले किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने और ऋण वितरण बढ़ाने पर विशेष बल दिया।



### ये रहे उपस्थित

बैठक में संयुक्त आयुक्त सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक बिनोद कुमार बुनकर, बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुंवर सिंह ध्रुव, उपायुक्त एवं उप पंजीयक, सहायक आयुक्त, सहायक पंजीयक सहित सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कोण्डागांव के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### भोगापाल के सहयोग चौपाल में साइबर अपराध की जानकारी दी

फरसगांव। ब्लाक अंतर्गत ग्राम उरंदाबेड़ा क्षेत्र के अंतिम गांव ग्राम पंचायत भोगापाल में शनिवार को पुलिस विभाग द्वारा सहयोग चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक कोंडागांव के निर्देशानुसार किया गया, जिसमें ग्राम के सरपंच, पटेल, गायता, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) फरसगांव अभिनव उपाध्याय, थाना प्रभारी उरंदाबेड़ा एवं थाना प्रभारी बड़ेडोंगर राजकुमार शोरी ने ग्रामीणों को सहयोग चौपाल की जानकारी देते हुए बताया कि इसका उद्देश्य पुलिस और आम जनता के बीच की दूरी को कम करना तथा लोगों की समस्याओं का समाधान करना है। इस दौरान साइबर अपराध, बाल अपराध, यातायात नियमों, बाल विवाह जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी देकर जागरूकता अभियान चलाया गया।

### पावड़ा की सहयोग चौपाल साइबर ठगी से किया सावधान



फरसगांव। 30 मई को थाना बड़ेडोंगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पावड़ा में सहयोग चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अभिनव उपाध्याय विशेष रूप से उपस्थित रहे। चौपाल में जनपद सदस्य, सरपंच, उपसरपंच, पटेल, गायता, पुजारी सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए। इस दौरान ग्रामीणों को साइबर ठगी, यातायात नियमों, नशामुक्ति, महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों, नवीन कानूनों तथा भूमि संबंधी विवादों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को हल्बी एवं गोंडी भाषा में सहयोग चौपाल के उद्देश्य से अवगत कराया गया तथा बताया गया कि पुलिस और जनता के बीच की दूरी कम कर लोगों की समस्याओं का समाधान करना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है।

# 41वीं वाहिनी आईटीबीपी ने शुरू की मुफ्त साइकिल मरम्मत पर कार्यशाला

## प्रशिक्षण के बाद ग्रामीणों को दी जाएगी साइकिल और रिपेयर किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंडागांव

भारत–तिब्बत सीमा पुलिस आईटीबीपी की 41वीं वाहिनी ने अबूझमाड़ क्षेत्र के ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कोंडागांव स्थित अपने सामरिक मुख्यालय में दो सप्ताह की निःशुल्क साइकिल मरम्मत प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरी तरह आईटीबीपी के संसाधनों से संचालित किया जा रहा है, जिसमें ग्रामीण युवाओं को साइकिल की मरम्मत, रखरखाव और तकनीकी कौशल का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। आईटीबीपी अधिकारियों के अनुसार इस पहल से ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और छोटे व्यवसायों के लिए आवागमन में सुविधा मिलेगी। दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए साइकिल एक महत्वपूर्ण परिवहन साधन है, ऐसे में उसकी मरम्मत का कौशल जीवन को और आसान बनाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से आईटीबीपी और स्थानीय समुदाय के बीच विश्वास एवं सहयोग को और मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। जनसंपर्क आधारित ऐसी गतिविधियां सुरक्षा बलों और ग्रामीणों के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। 41वीं वाहिनी आईटीबीपी के कमांडेंट श्री बेनुधर नायक ने कहा कि डीआईजी (भुवनेश्वर) के मार्गदर्शन में आयोजित यह कार्यक्रम स्थानीय समुदायों को कौशल विकास और व्यावहारिक संसाधन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हम प्रतिभागियों को केवल प्रशिक्षण ही नहीं, बल्कि आवश्यक उपकरण भी उपलब्ध करा रहे हैं, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और बेहतर आजीविका के अवसर प्राप्त कर सकें। दूरस्थ और चुनौतीपूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों वाले अबूझमाड़ क्षेत्र में आईटीबीपी की यह पहल ग्रामीणों के लिए नई उम्मीद लेकर आई है।

### प्रशिक्षित युवकों को मिलेगा स्वयं का रोजगार

आईटीबीपी ने जानकारी दी कि प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को साइकिल के साथ संपूर्ण रिपेयर किट भी प्रदान की जाएगी। इससे वे न केवल अपनी साइकिलों का रखरखाव स्वयं कर सकेंगे, बल्कि साइकिल मरम्मत को रोजगार के रूप में अपनाकर अतिरिक्त आय भी अर्जित कर सकेंगे।



### ग्रामीण युवाओं के लिए स्वरोजगार का नया अवसर

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अबूझमाड़ के युवाओं और ग्रामीणों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है, ताकि वे स्थानीय स्तर पर साइकिल मरम्मत सेवाएं उपलब्ध करा सकें। इससे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर विकसित होंगे और ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी।

## विश्रामपुरी पुलिस ने ओडिशा से बरामद की शासकीय खाद

# लिहागांव लैंपस में खाद चोरी का खुलासा तीन गिरफ्तार व 154 बोरी उर्वरक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विश्रामपुरी पुलिस ने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित लिहागांव के खाद गोदाम में हुई लाखों रुपये की उर्वरक चोरी का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई 154 बोरी शासकीय उर्वरक खाद भी बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार 21 मई 2026 को समिति के कर्मचारी अनुप कुमार निषाद ने थाना विश्रामपुरी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 17 और 18 मई की रात अज्ञात चोरों ने खाद गोदाम का ताला तोड़कर अंदर रखी खाद चोरी कर ली। चोरी हुए सामान में डीएपी खाद 93 बोरी, यूरिया खाद 61 बोरी शामिल थी। चोरी गए खाद की कुल कीमत लगभग 1 लाख 44 हजार 506 रुपये आंकी गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चन्द्रा के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी श्री अरुण नेताम के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक शंकर लाल ध्रुव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि उड़ीसा के नवरंगपुर जिले के ग्राम किबेकोंगा में कुछ लोगों के पास संदिग्ध रूप से बड़ी मात्र में रासायनिक खाद मौजूद है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया प्रेमलाल गोंड 25 वर्ष, संतु गोंड 22 वर्ष, प्रेमलाल गोंड 23 वर्ष, सभी निवासी ग्राम किबेकोंगा, थाना कुंदई, जिला नवरंगपुर उड़ीसा हैं।

- डीएपी और यूरिया की बड़ी खेप चोरी कर पिकअप वाहन से ले गए थे आरोपी



### पूछताछ में कबूला जुर्म

कड़ी पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने लिहागांव स्थित खाद गोदाम का ताला लोहे के कटर से काटकर शटर खोला और पिकअप वाहन क्रमांक ओडी–24के–4191 में दो बार खाद भरकर चोरी की थी। आरोपियों ने डीएपी और यूरिया की पूरी खेप उड़ीसा ले जाकर छिपा दी थी। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर डीएपी खाद 93 बोरी यूरिया खाद 61 बोरी कुल 154 बोरी शासकीय उर्वरक खाद बरामद कर ली है। मामले में प्रयुक्त पिकअप वाहन की भी जांच की जा रही है। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को 30 मई 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।

### पुलिस टीम की रही महत्वपूर्ण भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी शंकर लाल ध्रुव, उपनिरीक्षक अभिराम मेश्राम, प्रधान आरक्षक देवार्चन सिदार, कमलेश्वरे जुर्री, आरक्षक जागेश मंडावी, तुलाराम नेताम, गौतम मरकाम, महिला आरक्षक ललिता मरकाम, सुमन नेताम सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विश्रामपुरी पुलिस की त्वरित कार्रवाई से लाखों रुपये की शासकीय खाद बरामद हुई और अंतर्राज्यीय चोरी के मामले का सफल खुलासा हुआ।

# शराब की अवैध बिक्री रोकने पुलिस ने की तगड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल



पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा एव पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरूण कुमार नेताम के पर्यवेक्षण में केशकाल पुलिस टीम के द्वारा 28.05.2026 को हमराह स्टाफ कस्बा पेट्रोलिंग गस्त व जुर्म जरायम पतासाजी पर शासकीय वाहन पर रवाना हुआ था पेट्रोलिग दौरान मुखबीर द्वारा सूचना मिला कि बटराली एनएच-30 मेनरोड से एक व्यक्ति प्लास्टिक के थैला में अवैध रूप से देशी, अग्रेजी शराब को रखकर पैदल बिक्री करने सिंगनपुर की ओर ले जा रहा है कि सूचना पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया जो नाम पता पुछने पर अपना नाम शिवलाल नेताम पिता सुकालूराम नेताम उम्र 43 वर्ष निवासी बहीगांव कोनाडीपारा थाना केशकाल जिला कोण्डागांव छ.ग. का होना बताया..। प्लास्टिक के थैला को खोलकर चेक करने पर एक थैला में देशी, अग्रेजी शराब, प्लेन मदिरा पौवा 11 नग प्रत्येक में 180 एमएल पूरी भरी हुयी कुल 1.980 लीटर, 09 नग फन्ट लाईन का पौवा प्रत्येक में 180 एमएल पूरी भरी हुयी जुमला 1.620 लीटर, 17 नग सिम्बा बीयर प्रत्येक में 650 एम एल पूरी भरी हुयी 11.050 लीटर, कुल जुमला 14.650 लीटर जुमला किमती 8330-रूपये बरामद हुआ मदिरा प्लेन एवं अग्रेजी शराब पौवा, बीयर बाटल को अवैध रूप से ब्रिकी करना बताया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाये जाने पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 89/2026 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। एवं न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही मे सहायक उपनिरीक्षक हेमन्त देवांगन, आर. लिलेश्वर ध्रुव, अमित मण्डावी, मनोहर निषाद, गिरजु मरकाम, मानिक मरापी, अरूण मण्डावी, डमरू बघेल का अहम भूमिका रही।

# जरूरतमंदों तक गुणवत्तापूर्ण विधिक सहायता पहुंचाने पर विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के तत्वावधान में लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के न्याय रक्षकों की निगरानी एवं सलाह समिति की मासिक समीक्षा बैठक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष खिलावन राम रिगरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विधिक सहायता प्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं संवेदनशील बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री गायत्री साय तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के न्याय रक्षक उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्तियों तक निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण विधिक सहायता सुनिश्चित करने के लिए प्रचलित मामलों की समीक्षा करना तथा आवश्यक सुझाव एवं दिशा–निर्देश प्रदान करना था। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश खिलावन राम रिगरी ने न्याय रक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि विचाराधीन बंदियों के मामलों में प्राथमिकता के साथ पैरवी की जाए तथा प्रत्येक माह जेल निरीक्षण कर बंदियों को उपलब्ध विधिक सहायता की जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि न्याय तक सभी की समान पहुंच सुनिश्चित करना न्याय व्यवस्था की मूल भावना है। बैठक को संबोधित करते हुए न्यायाधीश श्री रिगरी ने कहा कि विधिक सहायता प्राप्त करने वाले व्यक्तियों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना सभी न्याय रक्षकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने न्याय रक्षकों से अपेक्षा की कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन समयबद्ध, संवेदनशील और समर्पित भाव से करें।



### सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार और त्वरित न्याय पर बल

बैठक में न्याय रक्षकों को निर्देश दिया गया कि वे विधिक सहायता प्राप्तकर्ताओं के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करें तथा उन्हें शीघ्र न्याय दिलाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। साथ ही लीगल एड डिफेंस काउंसिल कार्यालय की भूमिका एवं दायित्वों के प्रभावी निर्वहन पर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान न्याय रक्षकों ने अपने सुझाव भी साझा किए और ऐसी समीक्षात्मक बैठकों का नियमित आयोजन किए जाने पर बल दिया, ताकि विधिक सहायता व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं जनहितकारी बनाया जा सके। बैठक में न्याय तक समान पहुंच, विचाराधीन बंदियों को प्रभावी विधिक सहायता और जरूरतमंदों के अधिकारों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया।

भाजपा-कांग्रेस का अंतिम दांव मतदाताओं को साधने की होड़

# फरसगांव उपचुनाव का प्रचार थमा वार्ड एक और 12 में कांटे की टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर पंचायत उपचुनाव का प्रचार अभियान अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। शनिवार शाम 5 बजे चुनाव प्रचार थम गया , जिसके बाद प्रत्याशी और राजनीतिक दल प्रत्यक्ष रूप से मतदाताओं से संपर्क नहीं कर सकेंगे। वार्ड क्रमांक 01 और वार्ड क्रमांक 12 में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा है। दोनों दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। लगातार जनसंपर्क, बैठकों और घर-घर प्रचार के माध्यम से मतदाताओं को साधने की कोशिश तेज हो गई है। दोनों वार्डों में कार्यकर्ता पूरी सक्रियता के साथ चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। नगर में चुनावी माहौल पूरी तरह गर्म हो चुका है। प्रत्याशी सुबह से लेकर देर रात तक मतदाताओं के बीच पहुंचकर विकास, मूलभूत सुविधाओं और स्थानीय मुद्दों को लेकर समर्थन जुटाने का प्रयास कर रहे हैं। उपचुनाव को लेकर दोनों वार्डों सहित पूरे नगर के मतदाताओं में उत्सुकता बनी हुई है। अब सभी की नजरें मतदान और उसके बाद आने वाले परिणामों पर टिकी हैं। दोनों राजनीतिक दल अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। वार्ड क्रमांक 01 में कांग्रेस ने पूर्व पार्षद स्वर्गीय राजेश सोना के छोटे भाई उमेश सोना को उम्मीदवार बनाया है, जबकि भाजपा ने युवा चेहरे प्रेम नाग पर भरोसा जताया है। गौरतलब है कि स्वर्गीय राजेश सोना इस वार्ड से लगातार तीन बार पार्षद निर्वाचित हुए थे। उनके निधन के बाद यह उपचुनाव कराया जा रहा है। क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता और जनता से जुड़ाव को देखते हुए कांग्रेस ने उनके छोटे भाई उमेश सोना को मैदान में उतारा है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मतदाता राजेश सोना के प्रति अपने विश्वास और भावनात्मक जुड़ाव को उमेश सोना के पक्ष में कितना परिवर्तित करते हैं। इसका फैसला मतदान और मतगणना के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। वहीं भाजपा उम्मीदवार प्रेम नाग युवा और नए चेहरे के रूप में चुनाव मैदान में हैं। पार्टी संगठन उनके पक्ष में माहौल बनाने के लिए पूरी ताकत से जुटा हुआ है। भाजपा के स्थानीय नेता और कार्यकर्ता लगातार जनसंपर्क कर मतदाताओं तक पहुंच रहे हैं। बरहाल आपको बता दे वार्ड क्रमांक 12 में भाजपा ने नए चेहरे छबीला नेताम को मैदान में उतारा है, वहीं कांग्रेस ने अनुभवी नेत्री सावित्री मरकाम पर दांव लगाया है। दोनों दलों ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है और घर-घर पहुंचकर मतदाताओं से समर्थन मांग रहे हैं। कांग्रेस अपने पारंपरिक मजूबत जनाधार के साथ चुनाव लड़ रही है।



### मुस्लिम वोटरों की भूमिका महत्वपूर्ण

स्थानीय राजनीतिक समीकरणों के अनुसार वार्ड क्रमांक 01 में मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। यही कारण है कि दोनों प्रमुख दल इस वर्ग के मतदाताओं तक पहुंचने और उनका समर्थन प्राप्त करने के लिए विशेष प्रयास कर रहे हैं। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि इस वर्ग का मतदान चुनाव परिणाम को प्रभावित कर सकता है।

### कांग्रेस और भाजपा दोनों ने झोंकी ताकत

कांग्रेस ने अपने प्रचार अभियान को धार देते हुए वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को मैदान में उतारा है। राजनीतिक के चाणक्य कांग्रेस जिलाध्यक्ष रवि घोष ने खुद कमान संभाली है लगातार वार्डों में जनसंपर्क कर मतदाताओं से समर्थन की अपील कर रहे हैं। चुनाव प्रचार में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वहीं भाजपा भी स्थानीय विधायक, नगर पंचायत अध्यक्ष तथा संगठन के पदाधिकारियों के नेतृत्व में चुनावी अभियान को गति देने में जुटी हुई है। बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर मतदाताओं तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय राजनीतिक जानकारों के अनुसार दोनों वार्डों में मुकाबला बेहद रोचक और करीबी नजर आ रहा है।

# अकीदत और उत्साह के साथ मनाया ईद-उल-अज़हा पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नगर में ईद–उल–अजहा बकरीद का पावन पर्व शनिवार को पूरे धार्मिक उत्साह, अकीदत और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोगों में त्योहार को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। नए परिधानों में सजे लोग बड़ी संख्या में नमाज़ अदा करने के लिए ईदगाह पहुंचे। सुबह 7 बजे जामा मस्जिद से ईदगाह के लिए जुलूस रवाना हुआ। जामा मस्जिद के मुख्य इमाम कारी शमीम रजा ने नात–ए–पाक पढ़ते हुए जुलूस की अगुवाई की। धार्मिक माहौल और अल्लाह की इबादत के बीच समाजजन ईदगाह पहुंचे, जहां निर्धारित समय पर सामूहिक नमाज़ अदा की गई। सुबह 8 बजे ईदगाह में ईद–उल–अजहा की विशेष नमाज़ अदा की गई। नमाज के बाद देश की तरक्की, खुशहाली, आपसी भाईचारे तथा विश्व में अमन और शांति कायम रहने के लिए विशेष दुआ की गई। धर्मगुरुओं ने लोगों को त्याग, बलिदान और मानव सेवा का संदेश देते हुए समाज में प्रेम और सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया। ईद–उल–अज़हा के अवसर पर बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। नमाज़ के बाद लोगों ने एक–दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और खुशियां साझा कीं। पूरे नगर में त्योहार का उल्लासपूर्ण वातावरण बना रहा। इस अवसर पर अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदस्य हाजी इमरान मेमन, शेख बशीर, शेख सादिक, मुहम्मद शाहरुख, सैयद आशिक सुल्तान, इस्माइल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।



### अंजुमन इस्लामिया कमेटी ने दी ईद की शुभकामनाएं

अंजुमन इस्लामिया कमेटी के अध्यक्ष सैयद शफीक एवं सचिव आदिल खान ने नगर एवं जिलेवासियों को ईद–उल–अजहा की मुबारकबाद देते हुए कहा कि यह पर्व त्याग, समर्पण और इंसानियत का संदेश देता है। उन्होंने त्योहार के शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित आयोजन में सहयोग के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग का भी आभार व्यक्त किया। ईद–उल–अजहा का संदेश है त्याग, सेवा और भाईचाराय यही हमारी साझा संस्कृति और सामाजिक एकता की सबसे बड़ी पहचान है।

### खुड़ान तालाब में निर्मल घाट निर्माण के लिए भूमिपूजन

फरसगांव। ग्राम पंचायत कोटपाड़ के खुड़ान तालाब में शनिवार निर्मल घाट निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। लगभग 5 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस निर्मल घाट से ग्रामीणों को स्नान, धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से गायता संतोष पोयाम, जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग, सरपंच प्रतिनिधि रामप्रसाद पोयाम (कोटपाड़), जनपद सदस्य प्रतिनिधि केशव पोयाम, सरपंच प्रतिनिधि बुधसन मरापी (मोदेबेड़मा), रोहित बैध, उमेश यादव एवं अरुण माली सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने निर्मल घाट निर्माण को क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताते हुए शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद तालाब परिसर की सुविधाओं में भी सुधार होगा।



## शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए बनेगी नई व्यवस्था

# सीएम हेल्पलाइन 1076 की शुरुआत के लिए अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सेवा के प्रभावी क्रियान्वयन और आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शनिवार को जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को बताया गया कि नागरिक अब टोल फ्री नंबर 1076 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। शिकायत दर्ज होते ही उसकी जानकारी सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंचेगी तथा शिकायतकर्ता उसकी स्थिति की जानकारी भी प्राप्त कर सकेगा। सुशासन एवं अभिसरण विभाग के सलाहकार अशोक चौबे और प्रशिक्षक पवन तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन कॉल सेंटर सप्ताह के सातों दिन और 24 घंटे संचालित रहेगा। इसका उद्देश्य नागरिकों को शिकायत निवारण के लिए एक सरल, सुलभ और विश्वसनीय मंच उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षकों ने बताया कि हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निराकरण का प्रयास सात दिनों के भीतर किया जाएगा। मुख्यमंत्री और उनका सचिवालय स्वयं इस व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग करेंगे, जिससे शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन प्रणाली को पांच महत्वपूर्ण आधारों पर विकसित किया गया है यूनिक टोकन नंबर के माध्यम से शिकायत ट्रैकिंग, समयबद्ध समाधान के लिए एसएलए आधारित व्यवस्था, समाधान के बाद नागरिकों से संतुष्टि फीडबैक, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा, एमआईएस डैशबोर्ड के जरिए सतत निगरानी।

- शिकायत दर्ज होते ही जानकारी सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंचेगी

### फोन, व्हाट्सएप, ऐप और पोर्टल से भी कर सकेंगे शिकायत

यह आधुनिक और तकनीक आधारित शिकायत निवारण प्रणाली होगी, जिसमें नागरिक फोन कॉल, व्हाट्सएप, वेब पोर्टल, मोबाइल ऐप लिखित आवेदन के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। प्रत्येक शिकायत को एक विशिष्ट टोकन नंबर दिया जाएगा, जिससे उसकी रियल टाइम ट्रैकिंग संभव होगी।

### चार स्तरों पर होगा शिकायतों का निराकरण

शिकायतों के समाधान के लिए चार स्तरीय व्यवस्था बनाई गई है एल–1 ब्लॉक स्तर, एल–2 जिला स्तर, एल–3 संभाग अथवा निदेशालय स्तर, एल–4 सचिव या विभागाध्यक्ष स्तर यदि निर्धारित समय में शिकायत का समाधान नहीं होता है तो वह स्वतः अगले स्तर पर भेज दी जाएगी।

### प्रशासनिक जवाबदेही बढ़ेगी जनता को मिलेगी राहत

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था प्रशासन और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करने के साथ–साथ सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े विकासखंडों के अधिकारी

प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसडीएम अजय उरांव सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि विभिन्न विकासखंडों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े। सीएम हेल्पलाइन 1076 के माध्यम से अब नागरिकों की शिकायतें सीधे शासन तक पहुंचेंगी और समयबद्ध समाधान की नई व्यवस्था लागू होगी।

## पेज 9 के शेष

### पहाड़ियों पर पानी ....

मौसम में वन्यजीवों और स्थानीय आदिवासियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्राकृतिक जल स्रोतों को रिचार्ज और संरक्षित किया जाता है। यह पूरा अभियान स्थानीय समुदायों और वन समितियों के सहयोग से चलाया जा रहा है। 'जल संचय जन भागीदारी' जैसे कार्यक्रमों के जरिए ग्रामीणों और युवाओं को जल, जंगल व जैव विविधता के संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बांध बनाकर मिट्टी के कटाव को रोका जा रहा और 3.1 लाख से अधिक जल संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। बस्तर जिले के वन मंडलाधिकारी की प्रयास से इस तरह से दुर्गम पहाड़ों पर सीड बॉल से वनीकरण और जल संरचनाओं का विशाल जाल बना रहा है।

### हजारों की अवैध ....

के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक के अलावा एसआई शत्रुघन नाग, प्रधान आरक्षक सुन्दर बघेल, आरक्षक रैमल राम मौर्य व धरमू कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बालेंगा बाजार में...

आरोपियों के संयुक्त कब्जे से खुड़खुड़ी खिलाने की सामाग्री एवं नगदी रकम 48 हजार 150 रूपए बरामद कर जब्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 03(2) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश के बावजूद जिले के कुछ थाना क्षेत्रों में लबें समय से चल रहे खुड़खुड़ी नाम का जुआ खिलाए जाने की लगातार शिकायत मिल रही थी। बस्तर थाना क्षेत्र में सीएसपी सुमीत कुमार के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में निरीक्षक सुरेश कुमार जांगड़े, एसआई प्रमोद ठाकुर, अरूण मरकाम, अरूण कुमार सिन्हा, प्रधान आरक्षक कृष्ण कुमार मरावी, विनोद चांदले, धर्मेन्द्र कंवर, चोवादास गेंदले, आरक्षक महेन्द्र कुमार पटेल, कृष्ण कुमार नेताम, मंहगु राम, धनेश्वर यादव, अमर सिंह बेसरा, तरूण कुमार यादव, डीएसएफ आरक्षक निरंजन वैध व सैनिक बैजनाथ सोरी की अहम भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### 130 किशोरियों को बांटे गए सेनेटरी पैड



**बस्तर।** खुशहाल बचपन परियोजना और महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से ग्राम कावड़गांव में आठ पंचायतों की किशोरी बालिकाओं के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वच्छता, बाल विवाह, माहवारी, शारीरिक बदलाव और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ संबंधी जानकारी दी गई। किशोरियों और महिलाओं के लिए रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। किशोरियों ने माहवारी, शारीरिक बदलाव और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर ड्राइंग और नोट्स भी बनाए। इस दौरान सभी प्रतिभागियों को पानी की बोतल वितरित की गई। 130 किशोरियों को सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। खुशहाल बचपन परियोजना की ओर से सामग्री वितरण के लिए आर्थिक सहायता दी गई। शिविर में पुस्तकालय का उद्घाटन भी किया गया।

### जनसमस्या निवारण शिविर में मिले 195 आवेदन



**दंतेवाड़ा।** सुशासन तिहार के अंतर्गत कुआकोंडा के ग्राम जबेली में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा। शिविर में कुल 195 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके त्वरित निराकरण एवं आवश्यक कार्यवाही के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। शिविर में आमजन को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

## निधन

### पी. बेचक



जगदलपुर। मदन मोहन मालवीय वार्ड निवासी पी. बेचक का आज सुबह निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थी। शहर के विवेकानंद प्राथमिक शाला की पूर्व शिक्षिका रही है। वह अपने पीछे पति जे. बेचक सहित पुत्री और नाती का परिवार छोड़ गई। अंतिम क्रियाकर्म (बरियल) 31 मई को संध्या 4 बजे शांति नगर के मसीह कब्रिस्तान में किया जाएग

# 13 किलोमीटर पैदल चलकर स्वास्थ्य टीम पहुंची सुदूर ग्राम बड़ेपल्ली

## 227 ग्रामीणों की हुई स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बस्तर अभियान के तहत दंतेवाड़ा जिले के दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार सक्रिय है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम बैलाडीला के पहाड़ी क्षेत्र में स्थित सुदूर ग्राम बड़ेपल्ली पहुंची, जहां पहुंचने के लिए टीम को लगभग 13 किलोमीटर का कठिन पहाड़ी मार्ग पैदल तय करना पड़ा। घने जंगलों, उबड़-खाबड़ रास्तों और दुर्गम पहाड़ियों को पार करते हुए स्वास्थ्य कर्मियों ने गांव तक पहुंचकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराईं। अभियान का उद्देश्य ऐसे पहुंचविहीन क्षेत्रों में निवासरत लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाओं और शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, जहां सामान्य परिस्थितियों में चिकित्सा सेवाएं आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाती हैं। शिविर के दौरान ग्राम बड़ेपल्ली में कुल 227 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में लोगों की विभिन्न प्रकार की आवश्यक जांचें की गईं जिनमें मलेरिया, सिकल सेल, हीमोग्लोबिन, मधुमेह, रक्तचाप सहित अन्य आवश्यक लैब परीक्षण शामिल रहे। जांच के माध्यम से कई मरीजों की स्वास्थ्य स्थिति का आकलन कर उन्हें आवश्यक उपचार एवं परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया। गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच के साथ बच्चों का टीकाकरण भी किया गया। जांच के दौरान एक उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिला की पहचान की गई, जिसे बेहतर उपचार एवं सुरक्षित प्रसव के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं हाइपरटेंशन और डायबिटीज से पीड़ित 12 मरीजों को आगे के उपचार हेतु उच्च स्वास्थ्य केंद्रों में भेजा गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी जरूरतमंद ग्रामीणों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही ग्रामीणों को स्वास्थ्य शिक्षा, पोषण, स्वच्छता और विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई। शिविर के दौरान आयुष्मान भारत योजना के तहत मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं एवं आयुष्मान कार्ड के लाभों की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित करते हुए सुरक्षित मातृत्व के महत्व को समझाया।

### दूरस्थ अंचलों के लोगों में बढ़ा विश्वास

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके ने बताया कि मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के माध्यम से जिले के सुदूर एवं दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है। अभियान के तहत गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों की समय पर पहचान कर उन्हें जिला अस्पताल तथा आवश्यकता पड़ने पर रायपुर स्थित उच्च चिकित्सा संस्थानों तक उपचार के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार ऐसे गांवों तक पहुंच रही हैं, जहां पहले स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सीमित थी। मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान न केवल ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अभियान से दूरस्थ अंचलों के लोगों में विश्वास बढ़ा है और उन्हें घर के समीप स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है।

## कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

# सीएम हेल्पलाइन से जन शिकायतों का जवाबदेही के साथ होगा शीघ्र समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



आमजन की शिकायतों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित सीएम हेल्पलाइन एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित इस प्रशिक्षण में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव विशेष रूप से उपस्थित रहे, जबकि विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन जोड़ा गया।

- **व्हाट्सएप जैसे माध्यमों के जरिए अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं का प्रभावी और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। सुशासन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से शासन द्वारा एक जवाबदेह एवं पारदर्शी तंत्र विकसित किया जा रहा है, जिससे प्रत्येक शिकायत का गंभीरतापूर्वक निराकरण हो सके। उन्होंने अधिकारियों से प्रशिक्षण के दौरान बताए गए सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को समझकर व्यवहारिक रूप से लागू करने का आह्वान किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य स्तर से गठित विशेषज्ञ दल के प्रमुख एवं सुशासन एवं अभिसरण विभाग से आए अधिकारी गुड गवर्नेंस रायपुर आर.के. शर्मा एवं आईटी मैनेजर सीएम हेल्पलाइन सौरभ श्रीकांत द्वारा सीएम हेल्पलाइन के विभिन्न प्रावधानों, संचालन प्रक्रिया तथा शिकायतों के निराकरण संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अधिकारियों को शिकायत प्रबंधन प्रणाली की कार्यप्रणाली, जवाबदेही तंत्र तथा तकनीकी प्रक्रियाओं से अवगत कराया। प्रशिक्षण में बताया गया कि प्रदेश का कोई भी नागरिक टोल फ्री नंबर 1076, वेब पोर्टल, मोबाइल ऐप तथा व्हाट्सएप जैसे आधुनिक माध्यमों के जरिए 24 घंटे अपनी शिकायत दर्ज करा सकेगा। शिकायत दर्ज होते ही शिकायतकर्ता को एक विशिष्ट पहचान संख्या प्रदान की जाएगी, जिसके माध्यम से वह अपनी शिकायत की वर्तमान स्थिति, संबंधित विभाग, जिम्मेदार अधिकारी तथा की गई कार्रवाई की जानकारी प्राप्त कर सकेगा। अधिकारियों ने बताया कि शिकायत दर्ज होने के बाद उसे तत्काल संबंधित विभाग और अधिकारी तक पहुंचाया जाएगा। पूरी प्रक्रिया तकनीक आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम से जुड़ी होगी, जिससे प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित होगी तथा शिकायतों के अनावश्यक लंबित रहने की संभावना समाप्त होगी। सीएम हेल्पलाइन की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता नागरिकों का फीडबैक है। शिकायत के समाधान के बाद संबंधित नागरिक से संपर्क कर उसकी प्रतिक्रिया प्राप्त की जाएगी। यदि शिकायतकर्ता समाधान से संतुष्ट होगा तभी शिकायत का पूर्ण निराकरण माना जाएगा। असंतोष की स्थिति में शिकायत स्वतः पुनः सक्रिय होकर आगे की कार्रवाई के लिए भेजी जाएगी। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि इस पूरी व्यवस्था की निगरानी सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय एवं संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जाएगी। रियल टाइम मॉनिटरिंग और जवाबदेह प्रणाली के माध्यम से प्रशासन अधिक पारदर्शी, सक्रिय और जनोन्मुख बनेगा, जिससे आम नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस प्रशिक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, डिप्टी कलेक्टर मूलचंद चौपड़ा सहित सभी विभाग के विभागीय प्रमुख उपस्थित थे।

# भविष्य के शिल्पकारों की परीक्षा शुरू

## डीएलएड परीक्षार्थियों में उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित डीएलएड परीक्षा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) दंतेवाड़ा में प्रारंभ हो गई है। यह परीक्षा 28 मई से 12 जून तक आयोजित की जा रही है, जिसमें कुल 181 नियमित छात्र अध्यापक शामिल हो रहे हैं। वहीं 29 मई से द्वितीय वर्ष की परीक्षा भी शुरू हो गई है। परीक्षा की निष्पक्षता एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन और माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है तथा प्रश्नपत्रों के सुरक्षित परिवहन के लिए परिवहन अधिकारी की नियुक्ति की गई है। पहली बार प्रश्नपत्र पेटियों पर 'वन टाइम लॉक' टैग की व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत प्रश्नपत्रों को स्ट्रांग रूम से परीक्षा केंद्र तक सुरक्षित पहुंचाने के बाद निर्धारित समय पर टैग काटकर ही प्रश्नपत्र निकाले जा रहे हैं। केंद्राध्यक्ष संदीप सामंत ने बताया कि डीएलएड प्रशिक्षण के दौरान छात्राध्यापक विभिन्न चयनित अभ्यास शालाओं में शाला अनुभव कार्यक्रम के अंतर्गत अध्यापन की बारीकियां सीखते हैं तथा शिक्षण कौशल विकसित करते हैं। इसके अलावा संस्थान में कला शिक्षा, कार्य शिक्षा एवं अन्य प्रायोगिक गतिविधियों के माध्यम से भी उन्हें प्रशिक्षित किया जाता है। प्रशिक्षण के उपरांत लिखित परीक्षा आयोजित की जाती है। उन्होंने बताया कि परीक्षा में प्रथम वर्ष के 96 तथा द्वितीय वर्ष के 85 नियमित छात्र अध्यापक शामिल हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त 12 पूरक परीक्षार्थी भी परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा केंद्र में शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में परीक्षा संपन्न हो रही है। परीक्षार्थियों ने प्रश्नपत्रों को समझ एवं विश्लेषण आधारित बताया। द्वितीय वर्ष की छात्राध्यापिका मेघारानी ने कहा कि प्रश्न तार्किक सोच और विषय की गहन समझ को परखने वाले थे। वहीं छात्राध्यापक कृति गुप्ता, भूपेंद्र कौशिक, मोनेश चंद्राकर, उषा सिन्हा, कृतिका मंडावी और पुरुषोत्तम कोर्राम ने बताया कि आर्थिक एवं सामाजिक विषमता को समाप्त करने में शिक्षा की भूमिका तथा शिक्षकीय कार्य के लिए योग्यता एवं प्रशिक्षण की आवश्यकता जैसे विश्लेषणात्मक प्रश्न भावी शिक्षकों में चिंतनशील दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक हैं।

# जात्रा बाजार में बड़ी संख्या में शामिल हुए ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



ग्राम पंचायत कुदालगांव के आश्रित ग्राम गुचागुड़ा में शनिवार को माता बूढ़ी परदेशीन कामदेव तेलगिन माता का चैत्र जतरा बाजार श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर आसपास के गांवों से देवी-देवताओं को आमंत्रित कर देवता दिया गया। आयोजन में शामिल सभी देवी-देवताओं का पारंपरिक रीति-रिवाज एवं पूजा-अर्चना के साथ सम्मान किया गया। श्रद्धालुओं ने माता का आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। जतरा बाजार में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे क्षेत्र में भक्ति, संस्कृति और लोक आस्था का वातावरण देखने को मिला। ग्रामीणों ने बताया कि यह आयोजन वर्षों से गांव की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक रहा है, जो समाज को एकता एवं परंपराओं से जोड़ने का कार्य करता है। कार्यक्रम के दौरान पूजा-पाठ, देवी-देवताओं की पारंपरिक सेवा तथा ग्रामीण संस्कृति की अनूठी झलक देखने को मिली। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामवासियों एवं समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर माता पुजारी बलिराम ठाकुर, माता सिराहा जगमन ठाकुर, महाराज पुरसोतम तिवारी, फूलसिंग भद्रे, दिनबंधु कश्यप (कोटवार), जोगेश्वर ठाकुर, तारा सिंह ठाकुर, नरपति ठाकुर, अलदेव पुजारी घाटलोहंगा, टंकेश्वर ठाकुर, तुला राम ठाकुर, रुकधर कश्यप, सिराहा हरिराम बघेल, बुलकु बघेल, नारायण ठाकुर, डेंगूर कश्यप, डमरू ठाकुर,गजेंद्र ठाकुर सहित ग्राम के महिला-पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग एवं आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# स्थापना दिवस पर जवानों ने चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

80 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा शनिवार को माँ दंतेश्वरी मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाया गया।

80वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के वाहिनी कमाण्डेन्ट जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में वाहिनी के 41वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में यह कार्य किया गया।

- **80 बटालियन ने मंदिर परिसर को किया स्वच्छ**



कार्यक्रम में वाहिनी के अधिकारियों एवं जवानों के साथ स्थानीय नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी कार्मिको के द्वारा मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई कर स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया। वाहिनी कमाण्डेन्ट द्वारा जवानो एवं आम जनता को स्वच्छता की महत्व के बारें में बृहद् जानकारी साझा कर जागरुक किया गया, जिसमें हम अपने घर, गॉव, मोहल्ला एवं देश को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में सदैव तत्पर रहेंगें एवं देश के हर नागरिक को स्वच्छता अभियान के लिये प्रेरित करेगें, जिससे हमारा भारत स्वच्छ एवं सुन्दर बन सके। इस अवसर वाहिनी अधिकरी पुरुषोत्तम कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी ओम कुमार गुप्ता, सहायक कमाण्डेंट, अधिनस्थ अधिकारी एवं समस्त जवान उपस्थित रहे।

# हर गर्भवती हितग्राहियों तक पहुंचे योजना का लाभ : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर विश्वदीप के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिला कार्यालय के सभागार में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पर एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर गहन प्रशिक्षण दिया गया। लेखिका साहू डिस्ट्रिक्ट सपोर्ट मैनेजर आईपीई ग्लोबल सेंटर फॉर नॉलेज एंड डेवलपमेंट, सेक्टर पर्यवेक्षक साधना नेताम एवं उजाला बंजारे तथा ऑपरेटर तेजस कुमार ने विस्तार से प्रकाश डाला।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना माताओं के पोषण और स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। सभी सीडीपीओ, सुपरवाइजर, ऑपरेटर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करें कि एक भी पात्र हितग्राही योजना से वंचित न रहे। शत-प्रतिशत पंजीयन हमारा लक्ष्य है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने हेतु पूर्ण जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य योजना अंतर्गत गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को अधिक से अधिक लाभान्वित करना तथा शासन के निर्देशानुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करना था।

फील्ड स्टाफ को लाभार्थियों से सीधा संवाद कर उन्हें योजना से जोड़ने हेतु प्रेरित किया गया। सभी प्रतिभागियों ने योजना को जमीनी स्तर पर सफल बनाने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना यह केंद्र सरकार की एक मातृत्व लाभ योजना है जिसके तहत पहली बार गर्भवती होने पर महिलाओं को दो किश्तों में 5000 की आर्थिक सहायता दी जाती है, ताकि गर्भावस्था के दौरान पोषण की कमी को दूर किया जा सके।

# नशामुक्ति केन्द्र से 112 लोगों को मिली नई जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



जिला में समाज कल्याण विभाग एवं विभिन्न संस्थाओं के संयुक्त प्रयासों से नशामुक्ति, योग, दिव्यांग पुनर्वास और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

गुण्डाधुर सेवा संस्थान समिति द्वारा 12 दिसम्बर 2024 से जिले में नशामुक्ति केन्द्र संचालित किया जा रहा है। केन्द्र में नशे की लत से ग्रसित लोगों का उपचार अनुभवी डॉक्टरों और काउंसलर्स की देखरेख में किया जा रहा है। यहां योग, ध्यान, थेरेपी, मनोवैज्ञानिक परामर्श और मेडिकल उपचार के माध्यम से पीड़ितों के व्यवहार एवं जीवनशैली में सुधार लाया जा रहा है। अब तक कुल 112 हितग्राहियों को नशे से मुक्त कराया जा चुका है।

योग जनजागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली का मजबूत आधार बनकर उभरा है। छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा दूरस्थ और आदिवासी क्षेत्रों में लगातार योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित कर विभिन्न ग्राम पंचायतों, आश्रम-शालाओं और छात्रावासों में योग प्रशिक्षण के लिए नियुक्त किया गया है। जिले के स्कूलों और आश्रम-छात्रावासों में बच्चों को नियमित योगाभ्यास कराया जा रहा है, जिससे उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास में सुधार हो रहा है तथा पढ़ाई के तनाव से भी राहत मिल रही है। सार्वजनिक स्थलों पर भी नियमित योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पात्रतानुसार विभिन्न सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इनमें बैटरी ट्रायसायकल, व्हील चेयर, बैशाखी, श्रवण यंत्र, ट्रायसायकल एवं अन्य उपकरण शामिल हैं।

इन उपकरणों से दिव्यांगजन आत्मनिर्भर बन रहे हैं और अपने दैनिक कार्य स्वयं करने में सक्षम हो रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले में ट्रायसायकल-13, बैटरी चलित ट्रायसायकल-11, व्हील चेयर-26, बैशाखियां-251, वाल्किंग स्टिक-185, श्रवण यंत्र-135, ब्रेल केन-08 सहित विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए गए हैं।

# बैठक में विभागीय कार्यों, बजट उपयोग और विकास योजनाओं की हुई समीक्षा

**दंतेवाड़ा।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों की योजनाओं, बजट उपयोग, विकास कार्यों की प्रगति तथा आगामी कार्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, जल संसाधन, वन, लोक निर्माण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा तथा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग से वर्ष 2025-26 में प्राप्त बजट, स्वीकृत कार्यों, व्यय की स्थिति एवं भौतिक उपलब्धियों की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। शिक्षा विभाग के अंतर्गत नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पूर्व विद्यालय भवनों की स्थिति, जर्जर एवं भवन विहीन स्कूलों, आवश्यक मरम्मत कार्यों तथा विद्यार्थियों को समय पर पाठ्यपुस्तक उपलब्ध कराने जैसे विषयों पर चर्चा की गई। वन विभाग से वर्ष 2025-26 में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य तथा पूर्व वर्षों के बोनस वितरण की स्थिति की जानकारी ली गई। वहीं आर्सेलर मित्तल कंपनी लिमिटेड द्वारा सीएसआर मद से संचालित गतिविधियों एवं विकास कार्यों की समीक्षा भी बैठक में की गई।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बस्तर में पत्रकारों की अहम भूमिका : देव



**जगदलपुर।** हिन्दी पत्रकारिता दिवस के मौके पर शहर के वरिष्ठ पत्रकारों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। पत्रकार भवन में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष तथा विधायक किरण देव ने कहा कि बस्तर जैसे अंचल में पत्रकारों की अहम भूमिका है। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर अनेक पत्रकारों ने अभाव में भी बस्तर हित में कार्य किए। अतिथियों ने वरिष्ठ पत्रकार साधुराम दुल्हानी, रवि दुबे, दिलशाद नियाजी, एस करीमुद्दीन, संजीव पचौरी, डॉ सतीश, जेपी झा, सुभाष पांडेय को सम्मानित किया। महापौर संजय पांडेय, वार्ड पार्षद आलोक अवस्थी तथा बस्तर जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष मनीष गुप्ता समेत बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद थे।


### आईटीआई संस्थानों में युवाओं को अवसर

**जगदलपुर।** अंचल के युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में बस्तर संभाग के सभी 41 शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में रोजगारोन्मुखी व्यवसायों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से छात्र कोपा, मैकेनिक डीजल, इलेक्ट्रिशियन, फिटर और प्लंबर जैसे तकनीकी ट्रेडों में प्रवेश पा सकते हैं, जो आधुनिक औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप युवाओं को सीधे रोजगार अथवा स्व-रोजगार से जोड़ने में मददगार साबित होते हैं। संयुक्त संचालक तकनीकी शिक्षा (प्रशिक्षण) से मिली जानकारी के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी विभाग की आधिकारिक विभागीय वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। आवेदन की यह प्रक्रिया 29 मई से प्रारंभ हो चुकी है और 15 जून तक खुली रहेगी।

## कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में कुलांचे मार रही विशाल गिलहरी...







**जगदलपुर।** बस्तर जिले के कांगेर राष्ट्रीय उद्यान में विशाल गिलहरी आकर्षक का केंद्र बनी है। जिसे देखकर पर्यटक ही नहीं बल्कि स्थानीय आदिवासी भी प्रफुल्लित हो जाते है। भारतीय विशाल गिलहरी जिसे मालाबार गिलहरी (रैटुफा इंडिका) के नाम से भी जाना जाता है। आकार में सामान्य गिलहरी के हिसाब से ये असाधारण रूप से बड़े होते हैं, इनका सिर और शरीर की लंबाई 25-50 सेंटीमीटर (10 इंच से 1 फुट 8 इंच) होती है और इनकी पूंछ कभी-कभी शरीर से भी लंबी हो सकती है, जिसकी कुल लंबाई 3 फुट (लगभग 1 मीटर) तक पहुंच जाती है। ये कृंतक अपने चमकीले, बहुरंगी फर के लिए जाने जाते हैं, जिसमें काले, भूरे, मैरून, नारंगी और बैंगनी रंग के शेड्स हो सकते हैं। ये भारत में ही पाए जाते हैं और पूरी तरह से वृक्षवासी होते हैं। जिसका अर्थ है कि वे अपना लगभग पूरा जीवन वृक्षों की चोटियों पर ही बिताते हैं और शायद ही कभी जमीन पर उतरते हैं। ये आम तौर पर एकाकी जानवर होते हैं, लेकिन प्रजनन के मौसम में एक साथ आ सकते हैं। जब उन्हें खतरा महसूस होता है, तो वे भागने के बजाय अक्सर पेड़ के तने पर स्थिर हो जाते हैं। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में वन और वन्यजीव सहित प्रचुर प्राकृतिक संसाधन मौजूद हैं। बस्तर क्षेत्र का यह राष्ट्रीय उद्यान सुंदर और घने राष्ट्रीय उद्यानों में से एक है जो अपनी जैव विविधता के कारण विख्यात है। छाया : संतोष पांडेय

### छिंदगढ़, नेतानार, कूकानार, गादीरास व तोंगपाल उपकेंद्र में सप्लाई शुरू

# 94 पोल टूटने से सुकमा जिले के 65 गांव में अभी भी बिजली बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग अंतर्गत सुकमा जिले में गुरूवार को आए आंधी, तूफान एवं बारिश से विद्युत सेवा प्रभावित हुई। इससे सुकमा जिले के 117 गांव एवं 33, 11 केव्ही फीडर ब्रेकडाउन होने के कारण छिंदगढ़, नेतानार, कूकानार, गादीरास व तोंगपाल उपकेंद्र में बिजली बंद रही।

■ टूटे पोल के बदले नए पोल लगाने में जुटे विद्युत कर्मी





विद्युत कर्मचारियों के प्रयास से सभी उपकेन्द्र एवं 52 गांव रोशन हुए पर 65 गांव आज भी बिजली बंद होने से ग्रामीण परेशान हैं। विद्युत सेवा को बहाल करने के लिए जगदलपुर से दो गेंग यानि सुकमा जिले में 13 गेंग के विद्युत कर्मचारी टूटे पोल की जगह नए पोल लगाने में जुटे हुए हैं। वहीं विद्युत कंपनी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अशोक कुमार गुप्ता, अधीक्षण अभियंता केव्ही मैथ्यू सुकमा पहुंचकर कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव के साथ प्रभावित विद्युत लाईन का निरीक्षण किया।

#### अधिकारी व कर्मियों को दिए निर्देश

विद्युत कंपनी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता ने जिले के अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि बंद बिजली को शीघ्र बहाल करें। हालांकि कर्मियों कार्य से रविवार की शाम तक सुकमा जिले की सभी गांव की बिजली लाईन शुरू होने की संभावना है।

### लोक सेवा केंद्रों का सेवा सेतु केंद्रों के रूप में उन्नयीकरण

**बीजापुर।** डिजिटल युग में सुशासन को मजबूत बनाने की दिशा में राज्य शासन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। नागरिकों को शासकीय सेवाएं सरल, सुलभ और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक सेवा केन्द्रों का उन्नयन कर उन्हें अब सेवा-सेतु केन्द्र के रूप में संचालित किया जा रहा है।

इसे प्रशासनिक प्रक्रियाएं अधिक व्यवस्थित, जवाबदेह और नागरिक केंद्रित बनी है। सेवा-सेतु पोर्टल का सबसे बडा लाभ ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को मिल रहा है। लोक सेवा केन्द्र अब सेवा-सेतु केन्द्र और ऑपरेटर सेवा सेतु प्रबंधक कहलायेंगें। जिले के सभी ब्लॉक के सचिवों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। पूर्व में लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से 73 सेवाएं उपलब्ध थीं, वहीं अब सेवा-सेतु केन्द्रों के जरिए 442 डिजिटल सेवाएं नागरिकों को प्रदान की जा रही है। राज्य शासन के द्वारा नागरिकों के हित के लिए डिजिटल पहल- अब नागरिकों को अलग-अलग सेवाओं के लिए राजस्व कार्यालय, जनपद पंचायत, नगर पालिका या अन्य विभागों के चक्कर नहीं लगाने होंगें। एक ही पोर्टल से आवेदन, दस्तावेज अपलोड, आवेदन की स्थिति देखना और निर्धारित समय-सीमा में सेवा प्राप्त करना संभव होगा।
ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को छोटे-छोटे काम या प्रमाण-पत्र के लिए तहसील या जिला मुख्यालय जाने की जरूरत नहीं होगी। उन्हें उनके घर के नजदीक ही डिजिटल सेवा मिल सकेंगी।गांव में ही पोर्टल से आवेदन होने से ग्रामीणों के समय और आने-जाने के खर्च में भारी कमी आएगी।

## गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरे हों काम : किरण देव





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने नानगुर में निर्माणाधीन चार शेड निर्माण कार्य का शुक्रवार को

■ नानगुर के बाजार क्षेत्र में बन रहे 4 शेड का विधायक ने लिया जायजा

निरीक्षण किया। वर्षों से क्षेत्र के जनता की मांग पर उन्होंने नानगुर के बाजार क्षेत्र में चार शेड निर्माण को स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ कराया था। जिसका निर्माण तेज गति से हो रहा है और अंतिम चरण में है। विधायक ने अधिकारियों व ठेकेदार को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा क्षेत्र के जनता के मांग के अनुरूप नानगुर के बाजार क्षेत्र में शेड जिसकी लागत 80 लाख रूपए है। प्रति शेड 20 लाख से निर्माण किया जा रहा है। बाजार में शेड निर्माण से व्यापार कर रहे लोगों को सुविधा होगी। ग्रामीणों को बारिश व धूप में बाहर बैठने की समस्या से निजात मिलेगी । वे शेड में बैठकर व्यवसाय कर सकेंगे।






## विकसित भारत के निर्माण पर अतिथियों ने दिए वक्तव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में दो दिवसीय संगोष्ठी एवं अध्ययन भ्रमण में विषय विकसित भारत 2047 में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका पर संगोष्ठी एवं परिचर्चा का आयोजन

■ राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका पर संगोष्ठी और परिचर्चा हुई

किया गया। शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पहार अर्पित कर राष्ट्रीय गीत एवं लक्ष्य गीत का गायन किया गया। संगोष्ठी में राज्य संपर्क अधिकारी डॉ.नीता वाजपेई ने विकसित भारत के युवा को विकसित ग्राम का निर्माण कर अपने क्षेत्र को विकसित करेंगे तभी हम विकसित भारत का निर्माण कर पायेंगे। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. संजीवन कुमार ने विकसित भारत के पांच प्राण को लक्षित करने कहा जिसमें आत्मनिर्भरता, समावेशीकरण, समृद्ध भारत निर्माण प्रमुख हैं। दंतेवाड़ा जिला संगठक अर्चना झा ने विकसित भारत की संरचना को साझा किया। डॉ.लक्ष्मण शुक्ला प्राचार्य नरहरपुर महाविद्यालय एवं वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी ने युवाओं को अपने पुर्वजों की स्वतंत्रता से सीख लेकर आने वाली पीढ़ी को आत्मनिर्भर बनाने की बात कही । उत्तर बस्तर कांकेर जिला संगठक भागीरथी नायक ने विकसित भारत 2047 को अपने विचारों में ही विकसित कर अपने राष्ट्र का उत्थान करने की बात कही । बस्तर जिला संगठक मौसमी विश्वास ने युवाओं को विकसित भारत में ध्यान एवं जीवन व्यवहार पर जोर दिया।

संगोष्ठी में राहुल सिंह ठाकुर, प्रेमजीत निराला, प्रमोद कुमार मरावी, प्रशांत रंगारी, जिला संगठक अर्चना झा ने भाग लिया।

संगोष्ठी में मंच संचालन डॉ. भुनेश्वर साहू एवं डॉ. विजय साहू ने किया। धन्यवाद ज्ञापन शशिकांत धुर्वे ने दिया। संगोष्ठी का समापन राष्ट्रगान कर किया गया। संगोष्ठी में कार्यक्रम अधिकारी, स्वयंसेवक श्रोतागण उपस्थित रहें। कार्यक्रम अधिकारियों को पर्यटन स्थल पुसपाल का अध्ययन भ्रमण कराया गया।

## धारदार चाकू लेकर लोगों को डरा रहा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

करपावण्ड थाना क्षेत्र के ग्राम चिउरगांव स्थित सार्वजनिक स्थान में चाकू लेकर आवाजाही कर रहे लोगों को डराने धमकाने वाले आरोपी को करपावण्ड पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

■ करपावण्ड थाना क्षेत्र के ग्राम चिउरगांव की घटना



धारदार चाकू लेकर लोगों को डराने धमकाने की सूचना मिलने पर आरोपी को गिरफ्तार करने एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व एएसपी माहेश्वर नाग व एसडीओपी भानपुरी प्रवीण भारती के मार्गदर्शन में तत्काल थाना प्रभारी करपावण्ड शिवानंद सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना किया गया था।

टीम को सूचना मिली थी कि आरोपी संतोष कुमार मंडल 28 वर्ष निवासी ग्राम चिउरगाव थाना करपावड द्वारा अपने ही गांव में हाथ में धारदार चाकू लेकर आमजन को डरा धमका रहा है। मौके पर पहुंचकर टीम द्वारा आरोपी संतोष मंडल के कब्जे से धारदार चाकू जप्त कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक शिवानंद सिंह के अलावा एसआई हरिश्चंद्र हरिश्चंद्र निषाद, प्रधान आरक्षक रामनाथ भारती, घासीराम चंदेल, निरंजन महानदी व जयराम बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पीडब्ल्यूडी के ईई की सेवानिवृति पर उनके योगदान की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोक निर्माण विभाग उत्तर बस्तर जगदलपुर क्रमांक एक संभाग के कार्यपालन अभियंता राजीव कुमार बतरा के शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने पर मुख्य अभियंता कार्यालय के सभाकक्ष में शुक्रवार को आयोजित विदाई समारोह में जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता

■ ईई राजीव कुमार बतरा की सेवानिवृत्ति पर दी आत्मीय विदाई





एमएल उरांव ने शासकीय सेवा में उनके योगदान की सराहना की।

उन्होंने कहा कि श्री बतरा ने अपने अनुभव और कार्यकुशलता के साथ प्रत्येक जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। साथ ही कठिन परिस्थितियों और चुनौतीपूर्ण कार्यों को बेहतर ढंग से संपन्न कर क्षमता को साबित किया है। श्री उरांव ने कहा कि श्री बतरा ने शासकीय सेवा के दौरान सदैव निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करते हुए कार्यालयीन व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका अनुभव और सहज एवं शांत कार्यशैली अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत रही। उन्होंने स्वस्थ, दीर्घायु और सुखमय पारिवारिक जीवन की कामना करते हुए अपने अनुभव का लाभ समाज को प्रदान करने कहा। विदाई समारोह में शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही विभाग परिवार की ओर से स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। समारोह में सीई के साथ लोक निर्माण विभाग जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता संजय सूर्यवंशी, कार्यपालन अभियंता भावेश सिंह, एसडीओ जीपी पात्र, केसी कश्यप, दिनेश देवांगन, सीई कार्यालय के अधीक्षक रोहित नेताम आदि अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

#### उच्चाधिकारियों से मिला सीखने का अवसर

इस अवसर पर सेवानिवृत्त श्री बतरा ने अपने लगभग 38 वर्ष के शासकीय सेवा के अनुभवों को रेखांकित करते हुए कहा कि विभिन्न पदों पर कार्य करने के दौरान उच्चाधिकारियों से काफी सीखने का अवसर मिला। साथ ही अन्य अधिकारी-कर्मचारियों का समन्वित सहयोग के फलस्वरूप शासकीय दायित्वों के निर्वहन में अमूल्य साबित हुआ।

## सेवानिवृत्ति पर प्राचार्य को भावभीनी विदाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय हाईस्कूल केवरामुंडा जगदलपुर में प्राचार्य भगवती साहू की सेवानिवृत्ति पश्चात भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन स्टाफ के द्वारा किया गया। उन्होंने एक सत्र में प्राचार्य का दायित्व संभाल कर सफल संचालन किया। स्टाफ ने उनके व्यवहार और कार्य की प्रशंसा करते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

विदाई समारोह के कार्यक्रम में बालकृष्ण श्रीवास्तव, जे. मिश्रा, इंद्र कुमार झा, रोहित सोनवानी, भोला बघेल, एस. मौर्य, जी. नेताम, सुकृति भूरा, अंचल ठाकुर, सुकरी यादव एवं समस्त स्टाफ मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन एक रिसॉर्ट में किया गया।

## जनसहयोग के कारण ही राष्ट्रीय अभियान हुआ सफल : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य बस्तर जिले में निर्धारित समयावधि में पूरा कर लिया गया है। यह कार्य 1 मई से

■ 642 गांवों और 2 नगरीय निकायों में हुआ सर्वेक्षण

प्रारंभ होकर 30 मई को संपन्न हुआ। जिला प्रशासन के अनुसार इस चरण में तैयार की गई मकान सूची फरवरी 2027 में होने वाली जनसंख्या गणना के लिए आधार का कार्य करेगी। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रगणकों ने घर-घर पहुंचकर मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से जानकारी संकलित की। इस दौरान भारत सरकार द्वारा अधिसूचित 33 बिंदुओं पर मकानों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं तथा परिवारों की परिसंपत्तियों से संबंधित आंकड़े एकत्र किए गए। संकलित समस्त जानकारी को सुरक्षित रूप से भारत सरकार के सर्वर में संग्रहित किया गया है। बस्तर जिले की 10 तहसीलों के अंतर्गत 642 ग्रामों और 2 नगरीय निकायों में यह कार्य संपादित किया गया। इसके लिए 10 ग्रामीण चार्ज और 2 नगरीय चार्ज बनाए गए थे, जिनके अंतर्गत कुल 1398 मकान सूचीकरण गणना ब्लॉक गठित किए गए।जनगणना अभियान के सफल संचालन के लिए जिले में कुल 1699 अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी। इनमें 2 प्रमुख जनगणना अधिकारी, 3 जिला स्तरीय अधिकारी, 12 चार्ज अधिकारी, 2 मास्टर ट्रेनर, 36 फील्ड ट्रेनर, 1409 प्रगणक और 235 पर्यवेक्षक शामिल रहे।

दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंचने में आने वाली चुनौतियों के बावजूद प्रगणकों और पर्यवेक्षकों ने कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय में प्रथम चरण को सफलतापूर्वक पूरा किया। जिले का कोई भी क्षेत्र गणना कार्य से वंचित नहीं रहा और नागरिकों ने भी इस अभियान में सहयोग प्रदान किया।

कलेक्टर ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण की सफलता पर जिलेवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसहयोग के कारण ही यह महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान सफल हो पाया है। उन्होंने फरवरी 2027 में आयोजित होने वाले द्वितीय चरण जनसंख्या गणना में भी नागरिकों से इसी प्रकार सहयोग करने की अपील की।

#### जानकारियां रहेंगी गोपनीय

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नागरिकों द्वारा उपलब्ध कराई गई सभी व्यक्तिगत जानकारियां जनगणना अधिनियम 1948 एवं जनगणना नियमावली 1990 के तहत पूर्णतः गोपनीय रखी जाएंगी तथा इनका उपयोग केवल नीति निर्माण और जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए किया जाएगा।

## कलरव के अनुनाद 2 का आयोजन आज शौर्य भवन में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहर की जानी मानी संगीत से जुड़ी संस्था कलरव अपने स्थापना का द्वितीय वर्षगांठ मनाने जा रही है। इस अवसर पर रविवार की शाम लालबाग स्थित शौर्य भवन में संस्था

■ द्वितीय वर्षगांठ पर संगीतमय प्रस्तुति देंगे कलाकार

द्वारा अनुनाद 2 संगीतमय कार्यक्रम किया जा रहा है।

संस्था के एलपी सोनी एवं अफजल अली ने जानकारी देते बताया कि संस्था के कलाकार पूरे वर्ष संगीतमय कार्यक्रम करते रहते है जिसमें फेसबुक लाइव एवं स्टेज पर होने वाले लाइव आयोजन शामिल है। कलरव अपने दूसरे वार्षिकोत्सव अनुनाद 2 को भव्यता प्रदान करने इस वर्ष वरिष्ठ कलाकारों छत्तीसगढ़ जगदलपुर के एमए रहीम व उड़ीसा के धीरेन मोहन पटनायक के साथ मंच साझा कर रहा है।

साथ ही कलरव के कलाकार डॉल्फिन के बी भिलाई के संगतकारों के साथ सुर छेड़ेंगे और ताल मिलाएंगे। इस अवसर पर संभाग के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, प्रशासनिक अधिकारी एवं संगीतप्रेमी दर्शक बड़ी संख्या में कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहेंगे।